This question paper contains 7 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **5173**

Unique Paper Code : **205139** **E**

Name of the Paper : **Hindi Language (A)**

Name of the Course : **B.A. (Programme)**

Semester : **I**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

खंड वाले प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 9,9

(क) काल के परिवर्तन की कैसी महिमा है जो अपने साथ ही साथ मानुषी प्रकृति के परिवर्तन पर भी बहुत कुछ असर पैदा कर देता है । वाल्मीकि ने जिन-जिन बातों को अवगुण समझ अपनी कल्पना के प्रधान नायक रामचन्द्र में बरकाया था, वे ही सब व्यास के समय में गुण हो गईं, जिनकी कविता का मुख्य लक्ष्य यही था कि अपना मान, अपना गौरव, अपना प्रभुत्व जहाँ तक हो सके न जाने पावे । भारत के हर एक प्रसंग का तोड़ अंत में इसी बात पर है । शत्रुसंहार और निज कार्य साधननिमित्य व्यास ने

महाभारत में जो-जो उपदेश दिए हैं और राजनीति की काट ब्योंत जैसी-जैसी दिखाई है उसे सुन बिस्मार्क सरीखे इस समय के राजनीति के मर्म में कुशल राजपुरुषों की अकिल भी चरने चली जाती होगी । इससे निश्चय होता है कि प्रभुत्व और स्वार्थसाधन तथा प्रवंचना परवश भारतवर्ष उस समय कहाँ तक उदार भाव, समवेदना आदि उत्तम गुणों से विमुख हो गया था ।

(*i*) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।

(*ii*) लेखक ने दो कालों की तुलना किस प्रकार की है ?

(*iii*) बिस्मार्क और वेदव्यास कौन थे ?

(ख) कबीर की बातों का केवल सत्यग्राही अर्थ ही मुझे मंजूर है, चाहे यह बात हो या कोई और बात । स्वयं कबीर ने संस्कृत का उपयोग किया है अपनी भाषा में । कबीर बहुत बड़े आदमी थे । उनके खिलाफ कुछ कहना छोटे मुँह बड़ी बात जैसी हिमाकत होगी । परंतु कबीर भी कहीं-न-कहीं जाकर 'आम आदमी' ही ठहरते हैं और 'संस्कृत भाषा कूप जल' वाली बात उसी 'आम आदमी' की खीझ है जबकि दूसरा वाक्यांश खीज नहीं, एक सूझ है । मैं भी मानता हूँ कि भाषा बहता नीर है, भाषा मरुतप्राण है, खुले मैदान की ताजी हवा है, भाषा चिड़ियों के कंठ से निकला 'राम-राम के पहर' में सवेरे का कलरोर है, पशुओं के कंठ से रँभाता हुआ आह्वान है, उनका हुंकार है, लोलुप श्वापदों के कंठ से निकला महातामसी गर्जन भी है । भाषा बच्चे की तोतली

बोली भी है, माँ की वात्सल्यभरी सांसें भी है, विरह कातर शोक-उच्छ्वास भी है और मुदितचक्षुसुख के कणों का मौन-मधु भी है ।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।

(ii) कबीर की भाषा को लेखक ने किस प्रकार समझाया है ?

(iii) 'संस्कृत भाषा कूप जल' से क्या तात्पर्य है ?

(ग) अर्थ, अस्त्र और सूचना—हमारे समय के केंद्र में तीन शक्तियाँ हैं । फिलहाल ये ऐसे हाथों में हैं जिनके पीछे न किसी ऐतिहासिक काल का दबाव है, न वैश्विक शील का । ये हाथ सब कुछ प्रायोजित कर सकते हैं – बाज़ार, समर और सूचना; ऐसे तर्क गढ़ते हैं जिनके पीछे कोई तार्किकता नहीं होती, लेकिन दुनिया को चुपचाप उन्हें स्वीकार करना पड़ता है । इनकी विकराल प्रतिहिंसा के आगे नतमस्तक 'संयुक्त राष्ट्र' का अनस्तित्व देखने लायक है । ये लक्षण प्रलय के हैं जो राष्ट्र-राज्य की अवधारणा को ध्वस्त करते हैं । उनकी अस्मिता और स्वायत्तता की अवमानना करते हैं । ये हाथ अमेरिका के हैं ।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।

(ii) इस समय के केंद्र में कौन-कौनसी शक्तियाँ प्रमुख हैं और उन पर किसका हाथ है ?

(iii) लेखक ने प्रलय के किन लक्षणों की तरफ संकेत किया है ?

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12

(*i*) 'तमस' उपन्यास की रचना किसने, कब और किस मुद्दे को आधार बनाकर की है ?

('आज के अतीत' से)

(*ii*) हिंदी को आज वही काम करना है, जो कभी संस्कृत करती थी, लेखक ने ऐसा क्यों कहा है ?

('भाषा बहता नीर')

(*iii*) 'गुंडा' कहानी के आधार पर गुंडा का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

('गुंडा')

(*iv*) हमारे पुराने आर्यों का साहित्य वेद है – स्पष्ट कीजिए ।

('साहित्य जन समूह के हृदय का विकास है')

(*v*) वैदिक समाज में स्त्री की स्थिति में क्या अंतर आया था ?

('समाज और व्यक्ति')

3. 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(*i*) 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' को तेजस्वी और शौर्यवान क्यों कहा गया है ?

(*ii*) तन्ना नामक पात्र समाज के किस दोष का शिकार है ?

(*iii*) माणिक मुल्ला ने प्रेम को सामाजिक भावना क्यों माना है ?

(*iv*) सत्ती की नजर में माणिक मुल्ला कैसे व्यक्ति थे ?

(*v*) जमुना का नमक माणिक ने कैसे अदा किया ?

(*vi*) माणिक मुल्ला ने सत्ती को बिल्कुल दूसरी धातु की क्यों कहा ?

(*vii*) लिली के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(*viii*) लेखक के अनुसार प्रेम सर्वथा एक मानवीय भावना किस प्रकार है ?

**अथवा**

'यात्राएँ' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) 'पिता टेम्स का देश' में 'इंडिया फेस्टेवल' भारत की कौनसी तस्वीर प्रदर्शित करता है ?

(*ii*) 'ध्रुव प्रदेश की ओर' यात्रावृत्तांत में अभिव्यक्त जन-जीवन की विशेषताएँ लिखिए ।

(*iii*) 'रॉबिनहुड' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(*iv*) 'तालीपोट' किसे कहा जाता है ? उसकी विशेषताएँ बताइए ।

(*v*) 'कोहिमा' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए कोहिमावासियों की विशेषताएँ लिखिए ।

(*vi*) 'सुल्तान की बैटरी' किसे कहा गया है ?

(*vii*) नैना देवी मंदिर कहाँ है तथा नैनीताल में बने सबसे पहले मकान का नाम लिखिए ।

(*viii*) एम्टी कौन हैं ? उनके द्वारा निर्मित-निर्देशित सफल फिल्म का नाम लिखिए ।

4. आँखों देखी **अथवा** प्रतिवेदन लेखन की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । 8

5. निम्नलिखित भाषण को लेख में रूपांतरित कीजिए : 7

भाइयों एवं बहनों !

आप सब लोगों को पता है । पिछले कई वर्षों से हम इसे झेल रहे हैं । इसने हमारे कई राज्यों के जीवन को घोर नरक बना दिया है । मैं आतंकवादी गतिविधियों के बारे में बात कर रहा हूँ । यह किसी से छिपा नहीं है कि इन्हें हमारे पड़ोसी देश मदद कर रहे हैं । उन्हीं के शह का परिणाम है कि वे आज लाल किला से होते हुए संसद तक घुस आए हैं । आखिर, इतनी हिम्मत इनमें आई कहाँ से ? इसके बारे में हमें सोचना होगा । क्या हमारे अपने देश के लोग ही तो इन्हें सहायता या खुफिया जानकारी नहीं पहुँचा रहे हैं ? क्या इनका नेटवर्क इतना सक्षम है कि हमारी सारी सुरक्षा एजेंसियाँ उसे भेद नहीं पा रही हैं ? या हम फिर अपनी सुरक्षा को बरकरार रखने में चूके जा रहे हैं ? इन सारे प्रश्नों का जवाब ढूँढ़ना होगा ।

6. किसी **एक** विषय पर टिप्पणी लिखिए : 8

(*i*) अनुच्छेद लेखन की प्रक्रिया और विशेषताएँ ।

(*ii*) जीवनी और आत्मकथा में अंतर ।

(*iii*) साक्षात्कार की प्रक्रिया ।

7. किसी **एक** विषय पर अनुच्छेद लिखिए : 6

(*i*) राष्ट्र के प्रति विद्यार्थियों का कर्तव्य

(*ii*) भ्रष्टाचार के मुख्य कारण

(*iii*) अपराध और पुलिस ।

8. संहति और संसक्ति पर टिप्पणी लिखिए । 6